हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 11 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 गायत्री शक्तिपीठ बालोद में गुरु पूर्णिमा पर भव्य यज्ञ ...


13 बीएसपी में हड़ताल का आंशिक असर जनविरोधी ...




## खबर संक्षेप

### व्यापारी संघ के आवाहन पर आज चक्काजाम

**डौंडी।** व्यपारी संघ डौंडी द्वारा 11 जुलाई को नगर में व्यापार बंद का आह्वान किया गया है। संघ के अनुसार नगर के विभिन्न समस्याओं को लेकर यह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। व्यापारियों ने निर्णय लिया है कि इस दिन नगर के समस्त व्यावसायिक प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रखेंगे। व्यापारी संघ ने यह भी बताया कि नगर पंचायत कार्यालय का घेराव करते हुए सामने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध दर्ज कराया जाएगा। समस्याओं के समाधान को लेकर व्यापारी लंबे समय से प्रशासन से मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। संघ ने सभी व्यापारियों एवं नागरिकों से इस बंद को समर्थन देने की अपील की है। व्यापारियों द्वारा नियमोंनुसार प्रशासन को आंदोलन किए जाने ज्ञापन सौंपा गया है।

### दो पक्षों में हुई मारपीट तीन पर मामला दर्ज

**बालोद।** आपसी रंजिश के चलते मामूली विवाद को लेकर दो पक्षो मे मारपीट व गाली गलौज की नौबत आ गई। जिसके बाद दोनो पक्षो ने एक दूसरे के खिलाफ थाने मे शिकायत दर्ज करवाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे गुण्डरदेही पुलिस ने तीन लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नवागांव के जय स्तंभ के पास दोनो पक्षो मे विवाद व मारपीट की नौबत आ गई। पुलिस के अनुसार प्रथम पक्ष श्याम कुमार बघेल ने जानकारी दी कि मंगलवार रात बच्चो को सुलाने के लिए दूसरे घर मे ले जा रहा था। इस दौरान जयस्तंभ के पास धर्मेन्द्र चंदेल एवं उसका बेटा गौतम चंदेल पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर डंडा से मारपीट की। वही दूसरे पक्ष चित्ररेखा चंदेल ने जानकारी दी कि घर के सामने बोरिंग के पास "याम बघेल को गाली गलौज कर पति धर्मेन्द्र चंदेल को हाथ मुक्का से मारपीट की। दोनो पक्ष की रिपोर्ट पर गुण्डरदेही थाने मे 3 लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### अव्यवस्थित ट्रक पार्किंग पर कार्रवाई, दो चालक गिरफ्तार

**बालोद।** जिला मुख्यालय के मुख्य सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से ट्रक खड़ा करना दो ट्रक चालको को भारी पड़ गया। जिसके शिकायत के बाद पहुंची पुलिस ने दोनो ट्रक चालको के खिलाफ बालोद थाने मे धारा 285 के तहत मामला दर्ज करते हुए दोनो चालको को गिरफ्तार कर लिया। हालाकि अपराध जमानती होने पर दोनो ट्रक चालको को मुचलके पर रिहा कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार शहर के नए बस स्टैण्ड के पास एनएच 930 पर दो ट्रक चालको द्वारा मनमानी करते हुए सड़क पर ट्रक अव्यवस्थित ढंग से रख दिया था जिसके कारण इस मार्ग से आने जाने वाले लोगो को वाहन चालन के साथ आवागमन मे दिक्कते हो रही थी जिससे घटना दुर्घटना होने का डर बना हुआ था इसी को देखते हुए एक शेष पेज 13 पर

# मार्शल आर्ट्स एकेडमी के तीन खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रशिक्षण में शामिल हुए

## अस्मिता, खेलो इंडिया, फेडरेशन गेम्स तथा अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मार्शल आर्ट्स एकेडमी बालोद के अंतर्गत प्रशिक्षण लेने तथा देने वाले तीन खिलाड़ियो ने मध्य भद्रक उड़ीसा मे राष्ट्रीय ताईक्वांडो निर्णायक कोर्स तथा राष्ट्रीय निर्णायक प्रशिक्षण शिविर के साथ परीक्षा मे भाग लिया।

जिसमे वे सफल रहे। इस प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ से कुल 4 खिलाड़ियो ने परीक्षा मे भाग लिए। ये खिलाड़ी आगामी प्रतियोगिताओ मे जैसे अस्मिता, खेलो इंडिया, फेडरेशन गेम्स तथा अन्य प्रतियोगिताओ मे अपना भूमिका निभाएंगे। जिसमे उड़ीसा ताईक्वांडो की अगुवाई मे अंतर्राष्ट्रिय तकनीकी सदस्य मास्टर तुषार शिलांकर तथा अवधेश के माध्यम से वि"व ताईक्वांडो नियम सितंबर 2024 के रूल बुक के अंतर्गत परिवर्तित तथा अपडेटेड नियमो का व्याख्यान किए गए। इन नए चेहरे मे मोनेश कुमार साहू, प्रहलाद साहू तथा वासुदेव रहे।

ये तीनो निर्णायक जिला मार्शल आर्ट्स एकेडमी बालोद के अंतर्गत प्रशिक्षण लेते तथा देते है। मोनेश साहू तथा वासुदेव पहले भी ऐसे कोर्स कर चुके है पर वर्तमान मे छत्तीसगढ़ तकनीकी सदस्य मे शामिल है।




### तकनीकी स्टाइल पर केंद्रित

निर्णायक वासुदेव ने बताया कि आज के ताईक्वांडो बहुत ज्यादा तथा उच्च तकनीकी कौशल से आयोजन हो रहा है। पहले पारंपरिक खेल से तकनीकी खेतो व स्टाईल पर ध्यान दिया जा रहा है तथा शारीरिक और मानसिक का सामंजस्य मिलकर खेल व कौश लमे विकास कर सके। लगभग 2013 से लगातार बालोद मे ताईक्वांडो की प्रशिक्षण चल रहा है। वर्तमान मे इनडोर गंजपारा यह प्रशिक्षण देखने को मिल रहा है। जिनमे विभिन्न आयु वर्ग खिलाड़ी तथा अन्य प्रतिभागी अपने शारीरिक और मानसिक स्थिति को मजबूत बनाने मे शामिल हो रहे है।

**अव्यवस्था :** विभाग के झूठे वायदे से उपभोक्ता हैं परेशान पर विभाग को परवाह नहीं

# बीएसएनएल की सेवा कंडम, सन् 16 से बैटरी खराब, बिजली बंद मोबाइल ठप


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

बीएसएनएल विभाग की नाकाम सेवा से परेशान उपभोक्ताओं को 2016 में लगी बैटरी खराब हो जाने के कारण अब बिजली बंद होते ही मोबाइल बंद हो जाने की खिन्नता का सामना करना पड़ रहा है। बैटरी के लिए विभाग उच्च स्तर पर जानकारी दे दिए जाने के नाम पर पल्ला झाड़ने लगे है। इस अव्यवस्था से मोबाइल टावर गाडाडीह, मचान्दुर, रानीतराई, कुमऍगुंडरा, बटररेल, बेलहारी, जामगांव आर सहित ग्रामपंचायतों में लगे मोबाइल सेवा सहित हजारों उपभोक्ता विभाग की निक्रियता का शिकार हो रहे है।

- गाडाडीह, मचान्दुर, रानीतराई, बटररेल, बेलहारी, जामगांव आर के उपभोक्ता हैं सर्वाधिक परेशान

**दूसरी कंपनियों की मोबाइल सेवा चुस्त दुरुस्तः** उपभोक्ता सुचारू व्यवस्था के लिए वर्षो से अधिकारियों से मिल रहे खोखला आश्वासन से खिन्न हो चुके है। इन दिनों दूसरे कंपनी की वाई फाई से काम चलाने विवश हो उठे है उपभोक्ता। बीएसएनएल सेवा की जानकारी हेतु गूगल से जानकारी चाहा तो पता चला कि दूरसंचार विभाग द्वारा अपनी 4जी बीएसएनएल सेवा के लिए दो स्पेक्ट्रम बैंड 700 मेगाहट्र्ज और 2100 आबंटित किए है फिर भी 4 जी सेवा जामगांव आर एरिया में अभी भी नाकाम है उपभोक्ताओं को संतुष्ट नहीं कर पा रही है। विभाग ने 4 जी प्रारंभ होने का आनंद शेष पेज 13 पर





### बैटरी आते ही लगा दी जाएगी

विभाग के एसडीओ डीके बागड़े ने बताया कि बैटरी की मांग की जा चुकी है आते ही लगा दी जाएगी। सुचारू सेवा के लिए विभाग तत्पर है।

### ग्राहक बढ़ाने सिम बेचने स्कीम का ढकोसला

उपभोक्ताओ ने कहा कि बीएसएनएल गांव और शहर में कैंप लगाकर ग्राहक बढ़ाने सिम बेचने स्कीम भी चलाया करते थे। एक दशक पहले सक्रिय अधिकारीयो ने योजना बद्ध तरीके से व्यापक मेहनत कर ग्राहक बढ़ाए और अब अधिकारियों की निक्रियता के चलते ग्राहक इधर उधर कंपनी की सेवा लेने के लिए विवश दिखने लगे है।लगता है अधिकारी विभाग के मेहनत पर पानी फेरने लगे है। विभाग माकूल व्यवस्था करने में नाकाम रहेगी तो ग्राहकों का दूसरी कंपनी से जुड़ने की सक्रियता बढ़ना स्वाभाविक है। जामगांव आर से बोरवाय, भरर, कुम्हली, औरी, भनसूली, टेमरी, रनचीराई, पौहा, जामगांव आर के लगभग 25 हजार ग्रामीण नेट सेवा से लाभान्वित होते है। डा एनके चंद्रवशी, पीएल बारले, बुधारू राम, भीखम राठी, चंद्रिका चंद्राकर, भारत निर्मल, पोषण निर्मल, माया कौशिक, नेतराम ठाकुर, राधेश्याम राठी, पवन साहू,विजय चंद्राकर, पुखराज ठाकुर, नरेश केला, मनीष वैद, प्रेमचंद चोरड़िया, शैलेंद्रि मंडावी उपभोक्ताओं ने कहा कि मोदी की गारंटी की तरह गारंटी सेवा उपलब्ध कराने की मांग किए है।

**पुलिस का विशेष अभियान**

# सड़क सुरक्षा नियम तोड़ने पर लगाया भारी जुर्माना





हरिभूमि न्यूज. बालोद/दल्लीराजहरा

बालोद पुलिस द्वारा माह जुन 2025 में अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 3030 वाहन चालकों पर 17,06,000रू. की चालानी कार्यवाही किया गया।

माह जून 2025 में बालोद पुलिस द्वारा शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 37 शराबी वाहन चालकों पर 3,84,700रू. एवं मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन करने वाले 06 वाहन चालकों पर 44,700रू. की कार्यवाही किया गया है। माह जून 2025 में बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर विशेष अभियान चलाकर 616 बिना हेलमेट वाहन चालकों पर 3,89,000रू. एवं बिना सीट बेल्ट के 132 वाहन चालकों पर 68,100 रू. की चालानी कार्यवाही किया गया है। यातायात पुलिस बालोद द्वारा शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने, मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन नहीं करने की लगातार की जा रही अपील। यातायात बालोद एवं सभी थाना, चौकी प्रभारीयों द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आम जनों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से माह जून 2025 में यातायात नियमों का पालन करवाने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभिन के दौरान माह जून 2025 में यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले 3030 वाहन चालकों पर 17,06,000रू. की चालानी कार्यवाही किया गया है। विशेष तौर शेष पेज 13 पर

# पुलिस ने छात्रों को सायबर क्राइम की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा/बालोद



साइबर अपराध, नशामुक्ति और बाल अधिकारों को लेकर जिला पुलिस ने स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल, में एक विशेष जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में स्कूली छात्रों को डिजिटल सुरक्षा, सोशल मीडिया अपराध, नशे के दुष्परिणाम और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई।

छात्रों को ओटीपी शेयरिंग, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े खतरों से सतर्क किया गया। साथ ही, साइबर अपराध की शिकायत के लिए हेल्पलाइन 1930 और वेबसाइट में बताया गया। पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को किशोर न्याय अधिनियम, निशुल्क विधिक सहायता और उनके अधिकारों की जानकारी दी। विशेष वक्ता अजय कल्याणी ने नशे से होने वाले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक नुकसान बताए और छात्रों को इससे दूर रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या, शिक्षकगण, थाना बालोद व साइबर सेल की टीम तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन और छात्रों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजन की मांग की।

# पटेल युवक-युवती परिचय सम्मेलन की रूपरेखा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



मरार समाज भवन बालोद मे जिला मरार पटेल समाज बालोद की प्रबंधन कार्यकारिणी एवं जोन प्रतिनिधियो की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य बालोद जिला क्षेत्र मे प्रस्तावित प्रदेश स्तरीय वार्शिक सम्मेलन एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन की तैयारी रहा।

सम्मेलन की तैयारी के लिए के लिए संचालन समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम स्थल के रूप मे संबलपुर का चयन किया गया। कार्यक्रम संचालन के लिए अनुमानित बजट जुटाने के लिए निर्णय लिया गया कि बालोद जोन अंतर्गत 11 रोजो के प्रति परिवार 150 रूपये एवं 2 किलो चावल अथवा 200 रूपये की राशि अंशदान स्वरूप 30 सितबंर तक एकत्रित की जाएगी तथा व्यक्तिगत अंशदान देने की भी अपील की गई।

संचालन समिति का गठन किया गया जिसमे संरक्षक सुनील पटेल, राजेन्द्र नायक, पुरूशोत्तम पटेल, लोचन पटेल, अमर सिंह पटेल, गया पटेल, शोभाराम पटेल, रामे"वर पटेल, त्रिनाथ पटेल का बनाया गया।

मुख्य सलाहकार ब्रम्हदेव पटेल बने। अध्यक्ष यज्ञदेव पटेल, दल्ली कोमल पटेल, महासचिव दीपक पटेल, कोशाध्यक्ष नीलकंठ पटेल, उपकोशाध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल, सदस्य उदय राम पटेल, वि"वनाथ पटेल, द्वारिका पटेल, गोविंद पटेल, जीवन पटेल, ई"वर पटेल, खोरबाहरा पटेल, राजेन्द्र पटेल, संतूराम पटेल, गिरधर पटेल, भगवती पटेल, महेश पटेल, जितेन्द्र पटेल, हरिशचन्द्र पटेल, संतराम पटेल, पुनीतराम पटेल, ठाकुर राम पटेल, प्रीतम पटेल, गौतम पटेल, चतुर पटेल, शत्रुघन पटेल, योगेन्द्र पटेल, सुशमा पटेल चुने गए।

# आचार्य योगेश का प्रशिक्षण योग शिविर 14 से 21 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डी

पहला सुख - निरोगी काया यह पंक्ति चरितार्थ होती है जब योग की बात हो । तन मन को स्वस्थ रखने के लिए योग बेहद जरुरी है, और अगर यह नियमित दिनचर्या में शामिल हो तो उत्कृष्ट रसायन के साथ विलक्षण प्रभाव उत्पन्न करता है ।

अत्यंत हर्ष का विषय है कि स्वास्थ्य योग समिति डौण्डी के तत्वावधान में डौण्डी नगर में साधकों को सीधे लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से योग शिविर का आयोजन 14 जुलाई से 21 जुलाई तक किया जा रहा है ताकि उनका शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक विकास हो । इस शिविर में योग आश्रम मुंगेर के आचार्य श्री बाल योगेश सरस्वती द्वारा आठ दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिसमें योग का उत्तम अभ्यास, ज्ञान, अनुशासन एवं लाभ का बारिकी से अध्ययन कराया जायेगा । विशेष बात यह है कि शिविर में महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग -अलग समय का ध्यान रखा गया है। 14 जुलाई को दोपहर 3 बजे आचार्य जी के उद्बोधन के साथ शिविर का भव्य शुभारंभ आप सभी की उपस्थिति में होने जा रहा है, जिसमें शिविर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं निर्देश प्राप्त होंगे जो आपके योग शिविर को सरल और व्यवस्थित बनायेंगे । इसके लिए समिति द्वारा पंजीयन की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है । अतः अधिक से अधिक एवं शीघ्रतिशीघ्र पंजीयन करावें, पंजीकृत शिविरार्थियों को शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित होना अनिवार्य है ।

**बरसात के बाद कार्यों को प्रारंभ नहीं किया गया तो होगा निरस्त**

# जनपद की सामान्य सभा में अधूरे विकास कार्यों पर सदस्य बिफरे, प्रतिवेदन की मांग

**वर्ष 2022 से सांसद एवं विधायक निधि, खनिज न्यास एवं 15वें वित्त आयोग संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

सामान्य सभा की बैठक में अहम फैसला लिया गया आज जनपद पंचायत डौंडी की सामान्य सभा की बैठक जनपद अध्यक्ष मुकेश कौडो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक का संचालन डी डी मंडले मुख्य कार्यपालन अधिकारी डौडी द्वारा किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई वर्ष 2022 से सांसद एवं विधायक निधि के अतिरिक्त खनिज न्यास , जनपद विकास निधि एवं 15वें वित्त आयोग से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई अनेक कार्य अपूर्ण अथवा प्रारंभ नहीं हो सके हैं इस संबंध में समस्त सदस्यों द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। आगामी बैठक में पूर्ण जानकारी के साथ प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया है।

इसी तरह मनरेगा के अंतर्गत निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई बहुत से कार्य स्वीकृत होने उपरांत भी प्रारंभ नहीं की गई है प्रारंभ कार्यों की समीक्षा कर अप्रारभ्भ कार्यौ को यदि स्वीकृत योग्य है तो बरसात के बाद प्रारंभ कराया जाय अन्यथा कार्यों को निरस्त करके नया प्रस्ताव मंगाये जाने का निर्णय लिया गया अभी भी कई पंचायतों में पुराने काम जो अधूरे पड़े हैं शीघ्र पूर्ण करने का निर्णय लिया गया है यदि कोई पूर्व सरपंच के द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान कार्य नहीं करा पाए अथवा मूल्यांकन करने पर कम पाया गया और खर्च ज्यादा किया गया है तो अंतर की राशि संबंधितों से नियमानुसार वसूली की कार्यवाई करने का निर्णय लिया गया है। जनपद के सभी सब इंजीनियरों को अपने अपने प्रभार क्षेत्र में जाकर समस्त कार्यौ का मूल्यांकन कर प्रतिवेदन सामान्य सभा की आगामी बैठक में रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया । सरपंचों ग्राम सभा के अध्यक्षों, एवं जनपद सदस्यों का सम्मेलन अगस्त महीना में आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया इस सम्मेलन में ग्राम सभा के अध्यक्ष ,सरपंच एवं जनपद सदस्यों की कार्यशाला भी शेष पेज 13 पर

### ठेमा बुजुर्ग में ब्लॉक स्तरीय कबड्डी

स्वास्थ्य शिविर कुसुमकसा घोटिया आमाडूला और कोटागांव में आयोजन करने का निर्णय लिया गया है स्वास्थ्य शिविर में सभी विभाग के विशेषज्ञ मौजूद रहेगें ठेमा बुजुर्ग में ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन करने पर विचार किया गया वही सामाजिक कुरीतियों नशा स्वास्थ्य व पर्यावरण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा ।बैठक में तीन समिति और बनाने का भी निर्णय लिया गया वन समिति ,महिला एवं बाल विकास समिति जल संरक्षण एवं स्वच्छता समिति ,प्रस्ताव स्वीकृत होने पश्चात सभापति एवं सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी बैठक में भोलाराम नेताम उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण पुनीत सेन शिव बारला , शिव गिरी चुरेंद्र सुश्री साधना सोरी ,श्रीमती शेष पेज 13 पर



## खबर संक्षेप



### गुरुओं का किया सम्मान

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला छिंदीजोब में गुरु पूर्णिमा श्रद्धा के साथ मनाया गया। प्रधानपाठक सरिता सलामे, शिक्षक चोवाराम साहू का जिपं सभापति अनिता मंडावी ने श्रीफल गमछा भेंट कर सम्मान किया। भाजपा कार्यकर्ता विदेशीराम, मुन्नालाल टेकाम, उमेद पटौदी, आनंद निषाद, राजू पुराम, पुकारसिंह ठाकुर, तिलका बाई, सविता, कैलाश,अरविंद नंदेश्वर की मौजूदगी में सभी छात्रों ने गुरु पूर्णिमा मनाया।

### डीईओ ने बच्चों को किया प्रेरित



**डोंगरगांव।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ग्यारहवीं और बारहवीं विज्ञान के बच्चों को आईआईटी, नीट, जेईई और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी। उन्हों ने एनसीआरटी किताबों की उपयोगिता के बारे में बताया और ग्यारहवीं एवं बारहवीं में गणित, भौतिकी एवं रसायन विषयों को इसी किताब से पढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तर पर बच्चों के लिए कोचिंग सुविधा की जानकारी दी जिसमें प्रत्येक शनिवार और रविवार को बक्शी स्कूल राजनांदगांव में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विषय विशेषज्ञों द्वारा कक्षाएं ली जाएगी और नोट्स उपलब्ध कराए जाएंगे । बच्चों को पुस्तकालय का उपयोग करने और विभिन्न उपयोगी किताबों को पढ़ने प्रेरित किया।

### बाल कैबिनेट गठन, जयप्रकाश बने प्रधानमंत्री



**खैरागढ़।** ब्लाक के नवागॉव लोधी प्राशा में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। प्रधान पाठक शैलेश कुमार सोनी व शिक्षक महेंद्र कुमार पाल के मार्गदर्शन में केबिनेट में प्रधानमंत्री जयकुमार निर्मलकर, उप प्रधानमंत्री देविका यादव, कृषि व बागवानी मंत्री मोहित निर्मलकर, आलोक रजक, खेल मंत्री देवा ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री हिमांशु यादव व हितेश रजक, स्वच्छता मंत्री पूर्वी रजक, प्रतिष्ठा ठाकुर, मध्यांह भोजन मंत्री तारा रजक, अंकुर रजक, अनुशासन मंत्री विहान धुर्वे, पूनम यादव को मनोनीत किया गया। इसी प्रकार कक्षा नायक पांचवीं हितेश रजक, चौथीं पूर्वी रजक, तीसरी नागेश माहरा, दूसरीं हर्षिका रजक, पहलीं मनेश सिंह ठाकुर को बनाया।

## कलेक्टर ने किया शालाओं का निरीक्षण

# शिक्षा गुणवत्ता सुधार की दिशा में प्रभावशाली पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के तहत कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने ब्लाक के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने शैक्षणिक वातावरण, शिक्षण विधियों, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता तथा नवाचारों का अवलोकन किया।

प्राथमिक शाला बैहाटोला में कलेक्टर ने स्मार्ट क्लास, दीवार पत्रिका और लूडो जैसे शैक्षणिक खेलों के माध्यम से बच्चों को सीखने की प्रक्रिया से जोड़ने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों को खेल आधारित शिक्षण पद्धति से जोड़ने को एक अभिनव पहल बताया। प्रधानपाठक भगवती प्रसाद सिन्हा ने बताया कि ग्राम के शिक्षित युवक युवतियों को स्वेच्छा से अध्यापन से जोड़ने सरपंच को पत्र सौंपा गया था जिसके फलस्वरूप तीन युवतियां निःशुल्क अध्यापन कार्य करा रही है। कलेक्टर ने इस सामुदायिक सहभागिता को प्रेरणास्पद बताते हुए अन्य ग्रामों में भी इसे अपनाने कहा। मध्यान्ह भोजन को लेकर उन्होंने रसोईया हीरो बाई यादव से जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि विद्यालयों में नवाचार, सामुदायिक सहभागिता और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण ही शिक्षा में गुणवत्ता लाने की कुंजी हैं। उन्होंने ऐसे प्रयासों को जिले के अन्य विद्यालयों में मॉडल के रूप में लागू करने की आवश्यकता है।



### बच्चों की समझ को परखा

प्राथमिक शाला गहिराटोला में बालवाड़ी के नन्हें बच्चों से संवाद करते हुए उन्होंने टीवी और रिमोट जैसे विषयों पर उनकी समझ को परखा। विद्यालय के किचन गार्डन में मौसमी सब्जियों, गन्ना और केला के पौधों को देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और इसे बच्चों के समग्र विकास से जोड़कर नवाचार की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। पूर्व माध्यमिक शाला विक्रमपुर में उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षक समय लाल धुर्वे द्वारा निःशुल्क अध्यापन कार्य किए जाने की सराहना की। पूर्व माध्यमिक शाला कटंगीखुर्द और हायर सेकेंडरी स्कूल विक्रमपुर के निरीक्षण के दौरान भी उन्होंने शिक्षकों व विद्यार्थियों से संवाद कर शिक्षण व्यवस्था का मूल्यांकन किया। हायर सेकेंडरी स्कूल विक्रमपुर में शाला विकास समिति द्वारा नियुक्त शिक्षक शिवकुमार यादव से उन्होंने विद्यालय संचालन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण दौरान बीईओ नीलम सिंह राजपूत, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान भी साथ मौजूद रहे।

# कट्टहा नवागांव में महर्षि वेदव्यास स्मृति में बच्चों ने मनाई गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के शासकीय प्राथमिक शाला कट्टहा नवागांव में स्कूली बच्चों ने गुरु पूर्णिमा श्रद्धा, भक्ति व उत्साह के साथ मनाया। शाला परिवार के साथ ग्रामवासियों ने गुरु परंपरा की गरिमा को आत्मसात किया।

प्रधान पाठक रामलाल साहू ने बच्चों को गुरु पूर्णिमा का महत्व समझाते हुए बताया कि इस दिन को महर्षि वेदव्यास जी की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने वेदों का संकलन व विभाजन कर ज्ञान को व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने महाभारत, गीता, गरुड़ पुराण सहित अठारह प्रमुख पुराणों की रचना कर सनातन ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने बच्चों को अपने जीवन के प्रथम गुरु माता पिता सहित प्रत्येक मार्गदर्शक के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता रखने कहा।

इस दौरान शाला विकास समिति सदस्य राधेलाल बर्मन, देवकरण वर्मा, शांति बाई और कलेश्वरी जोशी उपस्थित रहे जिनका तिलक व पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। बच्चों ने अपने गुरुओं को पेन भेंट कर अपने भावनात्मक सम्मान को व्यक्त किया। सहायक शिक्षक नीलम कुमार वर्मा ने कहा कि गुरु वही होता है जो जीवन को सही दिशा दे और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए। उन्होंने बच्चों को अपने गुरुजनों व बड़ों के प्रति सदा आदर विनम्रता बनाए रखने कहा। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।



### मंडल भाजपा ने किया गुरूओं का सम्मान



गुरू पर्व को देखते हुए ब्लाक के महरूमकला स्थित प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला महरूमकला मे पदस्थ सभी के सभी शिक्षकों का सम्मान भारतीय जनता पार्टी मंडल ठेलकाडीह अध्यक्ष भोज बंजारे के नेतृत्व में श्रीफल भेंट कर किया गया। प्रधान पाठक गोवर्धन सेन सहित पूरे स्टाफ का सम्मान करते हुए भोज बंजारे ने कहा कि शिक्षक सिर्फ शिक्षकीय ज्ञान नही देता अपितु जीवन को अंधकार से उजाले की ओर ले जाने वाला होता है। उन्होंने शिक्षक को समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि जीवन के हर पड़ाव में ज्ञानार्जन के लिए गुरू की आवश्यकता होती है। शिक्षक पढ़ा लिखाकर बच्चों को महज डॉक्टर, इंजीनियर नही बनाते बल्कि सशक्त समाज के लिए आदर्श नागरिक भी तैयार करते है। इस दौरान ललित जैन, खुश वर्मा, भारत वर्मा, रेमन वर्मा, संतोष गालव, राजेन्द्र गेंड्रे, तिरिथ कुर्रे सहित दोनो स्कूलो शिक्षक, शिक्षिका सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कई कार्यक्रम में शामिल हुए विक्रांत सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छुईखदान ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला साल्हेकला में शाला प्रवेश उत्सव, वृक्षारोपण व गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने शाला प्रवेश उत्सव की महत्ता को लेकर कहा कि यह दिन बच्चों के जीवन में एक नई शुरुआत का प्रतीक होता है।

उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। वृक्षारोपण दौरान उन्होने पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपस्थित ग्रामीणों को दी। विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि गुरु का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है। एक गुरु ही होता है जो अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है। उन्होंने सभी शिक्षकों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामना दी। इस दौरान छुईखदान मंडल भाजपा अध्यक्ष भावेश कोचर, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, जिपं सदस्य ललित चोपड़ा, बलराम जंघेल, अशोक पाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित थे।



# कलेक्टर ने किया जलाशयों का निरीक्षण

- जल भराव की स्थिति का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने छुईखदान विकासखंड स्थित मध्यम जलाशय पिपरिया तथा पैलीमेटा जलाशयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जलभराव की स्थिति का जायजा लेते हुए वर्षा ऋतु के दौरान जल संसाधन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी, उप अभियंता सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यपालन अभियंता ने अवगत कराया कि वर्तमान में पिपरिया जलाशय में 67.80 प्रतिशत तथा पैलीमेटा जलाशय में 48.00 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संभावित अतिवृष्टि की स्थिति में आवश्यक सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई हेतु विभागीय अमला पूर्णतः तैयार रहे।



### जल प्रबंधन किया जाए

उन्होंने कहा कि किसानों को खरीफ फसल सीजन में सिंचाई के लिए जल की आवश्यकता के अनुसार जलाशयों से जल प्रबंधन किया जाए, ताकि कृषकों को समय पर पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने जलाशयों की तकनीकी स्थिति, सुरक्षात्मक उपायों तथा जल प्रवाह तंत्र की नियमित निगरानी के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने अधिकारियों से कहा कि मानसून अवधि में किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूर्व से ही समुचित कार्ययोजना तैयार रखी जाए, जिससे जन-धन की क्षति से बचा जा सके।

### माइग्रेन, मिर्गी तथा अन्य गंभीर रोगों के विशेषज्ञ प्रत्येक शनिवार को

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव के मरीजों को अब अपने ईलाज के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, क्योंकि अब राजनांदगांव में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक सतनाम भवन नया बस स्टैंड राजनांदगांव में उपलब्ध होगी। इससे लोगों को समय और पैसे दोनों की बचत होगी एवं वे स्थानीय स्तर पर ही ईलाज पा सकेंगे।

नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोगों के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह आज क्लीनिक में उपलब्ध रहेंगे, जो सिरदर्द, ब्रेन ट्युमर, पैरालाइसिस, दिमाग में खून जमना, नस फटना, दिमाग में चोट, पैरों में जलन, सुन्नपन लगना, रीढ़ की हड्डी में चोट, घुटनों में दर्द, सर्वाइकल या गर्दन में दर्द, कमर दर्द या साइटिका, मिर्गी या बार-बार दौरे पड़ना, याददास्त का कम होना या जाना, नसों की कमजोरी, हाथ एवं पैरों में सुन्नपन, झनझनाहट, पार्कीनसन इत्यादि गंभीर रोगों का इलाज करेंगे।

आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में किडनी प्रोस्टेट पथरी, मूत्र, कान-नाक-गला, निसंतानता एवं कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजिस्ट तथा चर्मरोग विशेषज्ञ समय-समय पर अपनी सेवाएं देते रहते हैं।

# शिक्षकों, डॉक्टरों का सम्मान



**गंडई पंडरिया।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भाजपा मंडल और महिला मोर्चा ने समाज सेवा में जुटे प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया। यह सम्मान विभिन्न कार्यालयों और संस्थानों में जाकर किया गया। शाल और श्रीफल भेंट कर गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया गया।

भाजपा मंडल गंडई के अध्यक्ष राकेश ठाकुर और महिला मोर्चा की सदस्यों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई में पदस्थ डॉ. प्रशांत सोनी, पीएमश्री हाईस्कूल गंडई के प्राचार्य पवन ददरिया, निजी चिकित्सक डॉ एमसी अग्रवाल, ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की दीदियों और रामायण मंडली की प्रमुख शैला त्रिपाठी का सम्मान किया। मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने इस अवसर पर कहा, गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हमने उन व्यक्तियों को सम्मानित किया है, जो किसी न किसी रूप में समाज सेवा कर रहे हैं। वह अपनी बातों और कार्यों से लोगों को भलाई के लिए मार्गदर्शन दे रहे हैं। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकर, नारायण शर्मा, दिनेश भट्ट, मंगल जैन, पार्षद अशोक पटेल, सावंत कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजली देवांगन, उमा चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

# मलेशिया में आयोजित स्पर्धा में अचिंत्य प्रथम

## एनबीआईएस बोरी के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के बच्चों ने 28 जून को माइंड मेमोरी एजुकेशन संस्था द्वारा मलेशिया के जेंन्टिंग हाईलैंड पहांग में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मैथ्स अबेकस ओलंपियाड 2025 में शानदार प्रदर्शन करते अनेक पुरस्कार प्राप्त किए।

मलेशिया में आयोजित प्रतियोगिता में 12 देशों के लगभग 4000 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें शाला के पांच बच्चों ने अपने-अपने स्तर में टॉप-थ्री में अपना स्थान सुनिश्चित कर सफलता प्राप्त की। शाला के कक्षा पांचवीं के छात्र अचिंत्य श्रीवास्तव प्रथम, अनय मोटवानी व अरनव रामटेके दोनों द्वितीय, प्रियल दिनेश विघने तथा साहिल जैन कक्षा आठवीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र अचिंत्य श्रीवास्तव ने दो मिनट पचास सेकंड में ही 120 सवालों के जवाब देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बच्चों की इस उपलब्धि पर शाला परिवार गौरवान्वित है।




### शानदार प्रदर्शन पर दी शुभकामनाएं

शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने बच्चों की शानदार प्रदर्शन पर शुभकामनाएं देते परिजनों को भी बधाई दी। श्री बाजपेयी ने कहा कि छोटी उम्र में बच्चों की बढ़ती प्रतिभा को पहचानने की आवश्यकता होती है। सही दिशा और सही मार्गदर्शन सफलता की पहली सीढ़ी है। शाला के अबेकस शिक्षक रमाकांत साहू का मार्गदर्शन बच्चों को हमेशा मिलता रहा है। शाला प्राचार्य एकता गांधी ने बच्चों की इस उपलब्धि पर बधाई देते आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते कहा कि शाला के लिए बड़े ही हर्ष का विषय है, बच्चों से आगे भी इसी तरह की उपलब्धि की अपेक्षा है। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक तथा सभी कर्मचारियों ने अबेकस शिक्षक एवं बच्चों को शुभकामनाएं दी।

## अंजोरी ने बनाया अपना आशियाना, गांव में मिल रहा रोजगार

# बैगाओं के लिए वरदान साबित हो रहा पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

प्रधानमंत्री जनमन महाभियान जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लिए वरदान साबित हो रही है। पीएम जनमन महाभियान के तहत विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बैगा जनजाति समुदाय के लोगो को चिन्हांकित कर प्राथमिकता से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत सिंगारपुर के ग्राम तुमड़ादाह में वर्षों से योजनाओं के लाभ से वंचित बैगा वर्ग के हितग्राहियों के लिए पक्के आशियाने का सपना साकार हुआ है। अब वह स्थायी तौर पर एक जगह निवास कर रहे हैं। बैगा जनजाति के अंजोरी राम जैसे ग्रामीणों के लिए गांव में ही आजीविका के अवसर खुल रहे हैं।

अंजोरी राम ने बताया कि पीएम जनमन महाभियान के आने से उनके परिवार की दशा और दिशा ही बदल गई है। पहले वह और उनका परिवार मजदूरी कर पालन-पोषण करता था। आर्थिक तंगी के चलते झोपड़ीनुमा घर में निवास करते थे। पीएम जनमन महाभियान के तहत वर्ष 2023-24 में उन्हें आवास की स्वीकृति मिली। उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि सरकार घर बनाने के लिए पैसा देती है।



### राजमिस्त्री बना रहा दूसरों का घर

मनरेगा इंजीनियर ने बताया कि वह तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने आवास को बनाते हुए भी राज मिस्त्री बन सकते हैं। काम का उन्हें भुगतान भी मिलेगा। महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत कार्यरत जनपद के तकनीकी अमलो के द्वारा उन्हे गांव में ही पीएम जनमन महाभियान के तहत बन रहे आवासो में राज मिस्त्री का विस्तृत प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। इस प्रशिक्षण में ईंट जोड़ाई, लेवलिंग, प्लास्टर जैसी तकनीकी दक्षता सिखाया गया, साथ ही फील्ड पर बन रहे आवासो में व्यावहारिक अनुभव भी दिया गया। जिसके बाद उन्होनें अपने खुद के घर को बनाने में सहयोग किया। राज मिस्त्री का प्रशिक्षण पाकर अपने घर को बनाने में राशि की बचत तो हुई, साथ ही उन्हें इस गांव के अन्य आवास को बनाने के लिए भी लोग संपर्क किए है। इससे उन्हें ग्राम स्तर पर ही अतिरिक्त आय के स्त्रोत मिल गए। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी बल्कि उनके सामाजिक जीवन में भी सुधार आएगा।

# गोद ग्राम सोनपुरी में लगा विशेष शिविर

## वृद्धा पेंशन के लिए निर्धारित प्रक्रिया अनुसार भराया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

महामहिम के गोद ग्राम सोनपुरी में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के सात हितग्राहियो का आधार आधारित मोबाइल एप्लीकेशन बेनिफिशरी सत्यापन ऐप के माध्यम से सत्यापन किया गया।

ग्राम पंचायत के 17 बुजुर्गो द्वारा वृध्दावस्था पेंशन की मांग पर निर्धारित प्रक्रिया अनुसार आवेदन भराया गया। पांच दिव्यांगो को प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड की प्रक्रिया की जानकारी दी गई पेंशन के नया आवेदनो की स्वीकृति के लिए जनपद सीईओ को प्रेषित किया गया। उक्त शिविर संयुक्त कलेक्टर व प्रभारी अधिकारी समाज कल्याण विभाग सुमन राज के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। इस दौरान सरपंच सीमा वर्मा, सचिव पुनीता साहू, रोजगार सहायक खिलेश्वरी जंघेल, रामअवतार साहू, हेमंत टंडन, राकेश कुमार साहू, नवीन ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### एसएसपी ने 8 निरीक्षक और 3 उनि और दो सउनि का तबादला किया

**भिलाई।** जिले के 13 पुलिस कर्मियों का तबादला एसएसपी विजय अग्रवाल ने किया है। जिसमें 8 निरीक्षक ,3 उप निरीक्षक, 2 सहायक उप निरीक्षक का ट्रांसफर हुआ है। जिसमें थाना नेवई से खुर्सीपार निरीक्षक आनंद शुक्ला, जेवरा से सिरसा निरीक्षक प्रकाशकांत, पुलगांव से ट्रैफिक निरीक्षक पुष्पेन्द्र भठ्ठ, नंदिनी से ट्रैफिक निरीक्षक मनीष शर्मा, ट्रैफिक से कुम्हारी निरीक्षक पीडी चद्रा, कुम्हारी से ट्रैफिक जनकराम कुर्रे, सायबर सेल से दुर्ग कोतवाली निरीक्षक तापेश्वर नेताम. खुर्सीपार से पुलिस लाइन दुर्ग वंदिता पानीकर, अमलेश्वर से नेवई उनि कमल सिंह सेंगर, अंजोरा से जेवरा प्रभारी खगेन्द्र पठारे, लिटिया सेमरिया से अंजोरा प्रभारी सउनि संतोष साहू, अंडा से चौकी प्रभारी लिटिया धनेद्र पाण्डेय और मोहन नगर से नंदिनी प्रभारी उनि पारसनाथ ठाकुर को जिम्मेदारी दी गई है।

### आफिस के ड्रॉज से 84 हजार पार

**भिलाई।** आफिस का ताला तोड़कर सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि ऋषि अग्रवाल अल्ट्राटेक सिमेंट कंपनी मे सी एण्ड एफ एजेंट में काम करता है। जिसका शाखा ग्राम खपरी मे भी है। खपरी के डिपो कर्मी चंद्रभान साहू,मिथलेश पटेल रोज का काम कर लेबर का पेमेंट कर बचत रकम 84 हजार 400 रूपये को आफिस के ड्राज मे रखकर आफिस बंद कर निकल गया। 7 जुलाई को सबह स्टाफ डिपो आफिस पहुंचा तो ससारा सामान बिखरा पड़ा मिला। ड्राज में रखे रुपए भी गायब मिले, आफिस के पीछले हिस्से में दूसरा आफिस संचालित है।

### अंतर विद्यालयीन भारोत्तोलन स्पर्धा का आयोजन



**सेलूद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय (सेजस) घुघुवा (क) में विकासखंड स्तरीय अंतर विद्यालयीन भारोत्तोलन प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसमें पाटन विकासखंड के अलग-अलग विद्यालयों से बच्चों ने भाग लिया। इन बच्चों के साथ संबंधित विद्यालय के व्यायाम शिक्षक भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य व सभापति प्रणव शर्मा ने स्पर्धा की शुरुआत की। अध्यक्षता सरपंच श्रीमती शैलेंद्री साहू ने की। विशेष अतिथि सेजस घुघुवा क विद्यायल के एसएमडीसी अध्यक्ष थानेश्वर साहू, पालक समिति अध्यक्ष प्रशांत शर्मा, रवि साहू आदि मौजूद रहे।

# शासन की एडवाइजरी: नैनो डीएपी किसानों के लिए ठोस डीएपी उर्वरक का स्मार्ट विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को रासायनिक उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। खरीफ 2025 के दौरान डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) की कमी को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने इसके व्यवहारिक विकल्प के रूप में नैनो डीएपी के भंडारण एवं वितरण की विशेष व्यवस्था की है। इसके साथ ही एनपीके और एसएसपी जैसे वैकल्पिक उर्वरकों का भी लक्ष्य से अधिक मात्रा में भंडारण कराया गया है। खेती में ठोस डीएपी उर्वरक की कमी को पूरा करने के लिए किसानों को उसके विकल्प के अनुरूप कृषि वैज्ञानिकों के सुझाव के अनुरूप नैनो डीएपी अथवा एनपीके और सिंगल सुपर फास्फेट खाद की मात्रा का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। नैनो डीएपी एक आधुनिक, किफायती और प्रभावशाली तरल उर्वरक है, जो पारंपरिक डीएपी की तुलना में कहीं अधिक उपयोगी और पोषक तत्वों से भरपूर है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के वैज्ञानिकों ने नैनो डीएपी का समर्थन करते हुए कहा है कि इसके उपयोग से खेती की लागत में कमी आती है। नैनो डीएपी खेत में पोषण की कमी को प्रभावी ढंग से पूरा करता है और उत्पादन की गुणवत्ता को भी बढ़ाता है। नैनो डीएपी पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित है। एक एकड़ धान की फसल के लिए एक बोरी ठोस डीएपी का उपयोग होता है। जिसकी लागत 1350 रुपए होती है, जबकि एक एकड़ में 25 किलो ठोस डीएपी और 500 मिली नैनो डीएपी के मिश्रण का उपयोग किया जाए तो इसकी लागत घटकर 1275 रुपए आती है।

## डीएपी की कमी को देखते हुए किया गया भंडारण, किसानों को वितरण की तैयारी

### कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को बताए फायदे

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों ने एक एकड़ धान की खेती के लिए नैनो डीएपी की उपयोग की विधि की विस्तार से जानकारी दी है। इसके अनुसार नैनो डीएपी की मात्र साढ़े 600 मिली मात्रा एक एकड़ धान की खेती में लगती है। धान की बुआई से पहले एक एकड़ के लिए 30 किलो बीज को 150 मिली नैनो डीएपी को तीन लीटर पानी में घोलकर उसमें बीज उपचारित कर आधा घंटा छाव में सुखाने के बाद बुआई की जाती है। रोपा के समय 50 लीटर पानी में 250 मिली नैनो डीएपी को मिलाकर उसमें थरहा की जड़ों को आधा घंटा डूबाकर रखने के बाद रोपाई तथा फसल बोआई के तीस दिन बाद 125 लीटर पानी में 250 मिली नैनो डीएपी को घोलकर खड़ी फसल पर इसका छिड़काव करना होता है। इससे फसलों को पोषक तत्व मिल जाते है।

### डीएपी के मुकाबले लागत कम, फायदा ज्यादा

नैनो डीएपी फसलों को भरपूर मात्रा में पोषक तत्व प्रदान करने के लिए बेहतर विकल्प है। यह पारंपरिक डीएपी के मुकाबले लागत कम और प्रभाव अधिक है। पारंपरिक डीएपी की एक बोरी की कीमत लगभग 1350 रुपए होती है, वहीं नैनो डीएपी की एक बोतल से कई एकड़ भूमि को लाभ पहुंचाया जा सकता है। यह स्प्रे के माध्यम से सीधे पौधों पर छिड़का जाता है, जिससे पोषक तत्वों का त्वरित अवशोषण होता है। राज्य शासन द्वारा किसानों को डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी सहित वैकल्पिक उर्वरकों का पर्याप्त भण्डारण समितियों में किया जा रहा है। किसानों को इसके उपयोग के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। कृषि विभाग ने किसानों से नैनो डीएपी तथा एनपीके, एसएसपी जैसे वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग करने की अपील की है।

## बारिश में भीगते हुए यूनियनों ने की लेबर कोड व निजीकरण पर रोक की मांग

# बीएसपी में हड़ताल का आंशिक असर जनविरोधी नीतियों का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केंद्र सरकार की जन और उद्योग विरोधी नीतियों और सार्वजनिक उपक्रमों तथा सरकारी विभागों के निजीकरण के खिलाफ बुधवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का भिलाई इस्पात संयंत्र में आंशिक असर रहा । केंद्रीय यूनियनों व स्वतंत्र फेडरेशनों के आह्वान पर 7 श्रमिक संगठनों यानी संयुक्त यूनियन के बैनर तले किया गया आंदोलन शांतिपूर्ण रहा। बीएसपी के दो गेटों पर यूनियन नेताओं ने मूसलाधार बारिश के बीच सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी कर ड्यूटी जाने वाले कर्मियों को हड़ताल में शामिल होने की अपील की और सरकार से सभी मांगों को पूर्ण करने पर जोर दिया। यूनियनों ने अपनी बात सरकार व सेल प्रबंधन तक पहुंचाने में कर्मियों का व्यापक समर्थन मिलने का दावा किया है वहीं बीएसपी प्रबंधन ने प्लांट में उत्पादन व कामकाज सामान्य बताया। वहीं दल्लीराजहरा माइंस मे 80 प्रतिशत हड़ताल सफल होने का दावा सीटू, इंटक व एटक ने किया है।

सरकार की नई श्रम संहिताओं और निजीकरण व महंगाई के खिलाफत सहित 25 सूत्रीय मांगों को लेकर केंद्रीय यूनियनों की अपील पर इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस, एक्टू,लोइमू, स्टील वर्कर्स यूनियनों द्वारा द्वारा बीएसपी में हड़ताल का निर्णय लिया था। संयुक्त यूनियन द्वारा यहां हड़ताल को सफल बनाने के लिए हफ्तेभर से बीएसपी कर्मियों व ठेका मजदूरों को एकजुट कर तमाम तैयारी में जुटी थीं। लेकिन पिछली 28 अक्टूबर की हड़ताल की तरह मुद्दे सेलव्यापी होने की बजाए अभी राष्ट्रीय होने और भारी वर्षा के चलते बीएसपी में हड़ताल को आंशिक सफलता ही मिल सकी।

संयुक्त यूनियन के नेता बीएसपी के मेन गेट के निकट मुर्गा चौक और बोरिया गेट पर सुबह 8 से शाम 6.30 बजे तक पंडाल में झंडे लहराते हुए बीएसपी ड्यूटी जाने वाले कर्मियों से पर्चे बांटकर हड़ताल में शामिल होने का आह्वान करते रहे। लेकिन अधिकतर कर्मचारियों में दिलचस्पी नहीं दिखी।

इससे उत्पादन प्रभावित होने की प्रबंधन की मुश्किलें आसान हो गईं। दोनों गेटों पर संयुक्त यूनियन के नेताओं ने सरकार और सेल प्रबंधन के खिलाफ आर्थिक व उद्योग नीति को लेकर जमकर नारेबाजी की और लेबर कोड सहित तमाम जनविरोधी नीतियों को वापस नहीं लेने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। इंटक के जीएस वंशबहादुर सिंह, एस रवि, शिवशंकर सिंह, गिरीराज देशमुख,सीटू के जीएस जगन्नाथ त्रिवेदी,डीवीएस रेड्डी एसपी डे, वेंकट,एटक के जीएस विनोद कुमार सोनी विनय मिश्रा, एचएमएस के जीएस पीके मिश्रा, अध्यक्ष हरिप्रसाद यादव, एक्टू के बृजेंद्र तिवारी, श्यामलाल साहू शनि साहूस्टील वर्कर्स यूनियन जीएस नंदकिशोर गुप्ता, संजय गुप्ता,टंडन दास, लोईमू के जीएस सुरेंद्र मोहंती व देवेंद्र सैनी, स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के जीएस संजय साहू,आल इंडिया यूथ फेडरेशन के शर्मा, शमीम कुरैशी व प्रवीण कुमार, राज मिस्त्रीयूनियन के जीएस सुखरंजन नंदी सहित संयुक्त यूनियन के गिरी राव, राजुकमार, आरपी शर्मा आदि पदाधिकारियों सहित गुर्गा चौक पर नारेबाजी करते हुए डटे रहे।

संयुक्त यूनियन के वीबी सिंह, श्री रेड्डी व वीके सोनी ने बताया कि बीएसपी में हड़ताल को कर्मियों का व्यापक समर्थन मिलने से केंद्र सरकार पर श्रमिक व उद्योगविरोधी नीतियों को वापस लेने और सेल वेतन समझौता जल्द पूर्ण करने व एरियर्स भुगतान के लिए सेल प्रबंधन पर भी दबाव बढ़ेगा।

### सुबह 4 बजे से फर्स्ट शिफ्ट व अधिकारियों को बुला लिया था ड्यूटी



### अलसुबह से अफसरों ने प्लांट व इस्पात भवन में संभाला मोर्चा

पिछले साल की सफल हड़ताल को देखते हुए बीएसपी प्रबंधन ने उत्पादन बरकरार रखने और शांति व्यवस्था के लिए चौतरफा तैयारी की थी। इसके तहत फर्स्ट व जनरल शिफ्ट के कर्मियों को सुबह ही ड्यूटी बुलवा लिया गया था और नाइट कर्मियों को भी प्लांट में रोक लिया गया था। इस्पात भवन सहित वर्क्स यानी प्लांट व नान वर्क्स के अधिकारियों को भी सुबह 4 बजे जवाबदारी दे गई थी। सभी के लिए नाश्ता, पोहा व पुलाव आदि की व्यवस्था की गई थी। जीएम सीजीएम लेबल के अधिकारी इस्पात भवन के साथ प्लांट मे घूम, घूमकर स्थिति पर नजर रखे हुए थे। वहीं सभी गेटों व संवेदशील प्वाइंटों पर सीएसआईएफ, एसएएफ व भट्ठी थाना टीआई व कोतवाली थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा सहित भारी पुलिस जवान तैनात थे। आईआर व एलआईबी सक्रिय थी व वीडियोग्रापी की जा रही थी। हड़ताल को लेकर प्रबंधन न उत्पादन व उपस्थिति सामान्य रहने का दावा किया।

### यह हैं प्रमुख मांगें

4 श्रम संहिताओं को रद्द व सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा सरकारी विभागों का निजीकरण बंद करने, सेल और आरआईएनएल की किसी भी इकाई में कोई विनिवेश या निजीकरण और स्थाई प्रकृति के कार्य को आउटसोर्स नहीं करने, लंबित सेल वेतन समझौता जल्द पूर्ण करने एवं एरियर्स का जल्द भुगतान किया जाए ,हायर पेंशन स्कीम लागू किया जाए, असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को मिनिमम 26 हजार रुपए वेतन दिया जाए ,पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए, बोनस पात्रता पर सभी सीमाएं समाप्त की जाएं एवं ग्रेच्युटी सीलिंग समाप्त किया जाए ,आवेदन जमा करने के 45 दिनों के भीतर ट्रेड यूनियन का अनिवार्य रूप से पंजीकरण किया जाए, मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण किया जाए, खाद्य पदार्थ दवाओ कृषि उपकरणों और मशीनरी पर जीएसटी हटाया जाए, बिजली संशोधन विधेयक 2022 को वापस लिया जाए, काम के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाया जाए, अमीरों पर कॉरपोरेट कर बढ़ाएं वसंविधान पर हमला रोका जाए ।

### से. 1 चौक में ठेका मजदूरों को स्टील ठेका श्रमिक यूनियन ने किया एकजुट

केंद्रीय ट्रेड यूनियन के राष्ट्रव्यापी हड़ताल के तहतस्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक द्वारा मुर्गा चौक में ठेका श्रमिकों द्वारा हड़ताल व प्रदर्शन किया गया । बीएसपी के ठेका श्रमिकों ने भारी बारिश के बाद भी हड़ताल में शामिल होकर प्रदर्शन किया। नया श्रम कानून को रद्द करने एवं श्रमिकों के कार्य करने का समय 8 घंटा ही रखने।ठेका श्रमिकों को बीएसपी के एस-1 का वेतन दिया जाए या 26 हजार रुपया वेतन प्रतिमाह निर्धारण किया जाए। एवं केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन को बीएसपी में लागू किया जाए।, ठेकाश्रमिकों को 5% आवास भत्ता दिया जाए या बीएसपी के खाली आवास को आवंटित किया जाए।ठेका श्रमिकों को संयंत्र में दो गेटों से आवाजाही और मोटरसाइकिल जाने की भी अनुमति मिले, 10 लाख का दुर्घटना बीमा किया जाए और सही उपस्थिति दर्ज व सीपीएफ डालने के लिए बायोमेट्रिक से उपस्थित दर्ज किया जाए। रात्रि भत्ता प्रदान किया जाए एवं साइकिल भत्ता, कैंटीन भत्ता एवं हिट एवं डस्ट अलाउंस दिया जाए।,ठेका श्रमिकों को वेतन पर्ची,लीव कार्ड एवं अंतिम भुगतान और छुट्टी की राशि दी जाए। हड़ताल व प्रदर्शन में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंहसार्वा, आर दिनेश, मनोहर लाल सुरेश, श्याम कुंवर, गुरुदेव साहू, जसबीर सिंह, रिखी राम साहू, संतोष ठाकुर, सुरेश दास टंडन, कान्हा आदि कार्यकारिणी और प्रतिनिधि सदस्य व मजदूर उपस्थित थे।



# खुशियों की बरसात किसानों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले मे पिछले कुछ तीन दिनो से हुए बारिश ने जिले को तर बतर कर दिया है और जिले के खेत खलिहानो से लेकर तालाब, पोखर लबालब हो चुके है व जिले के जलाशय सुखा ग्रस्त स्थिति से उबर कर अब अच्छी स्थिति मे आ चुके है।

एक सप्ताह पहले जहां जिले के किसानो के साथ आमजनता पानी की आस मे आश लगाए बैठी थी कि कब अच्छी बारिश हो और किसानो द्वारा लगाए गए फसल को बचाया जा सके साथ ही जिले के जलाशयो मे जल स्तर लगभग ना के बराबर होने के कारण यह चिंता और विकट होती जा रही थी लेकिन पिछले तीन दिनो मे हुई बारिश ने यह सभी चिंताओ को दूर कर दिया और खेत खलिहानो से लेकर जिले के जलाशय पानी की संकट लगभग समाप्त हो गई है।

सावन के पहले हुई इस तीन दिनो की सुबह शाम झमाझम बारिश ने से लोग घरो से भी निकलने को सोचने को मजबूर थे तथा मिस्त्री से लेकर कई काम ठंप नजर आया जहां कई दुकानो मे काम करने आने वाले लोग बारिश के चलते काम से नदारद रहे और लोग बारिश से बचने घरो मे सुरक्षित घरो मे आराम करते दिखे। वही तीन दिनो की लगातार बारिश के बाद गुरूवार को मौसम साफ होने के बाद लोग पुनः अपने कामो मे लगे नजर आए। वही जिले मे तीन दिनो की बारिश से खेतो मे इतना पानी भर गया कि अब किसानो को बारिश का पानी फसल को बचाने के लिए रोकने की जगह खेतो से पानी छोड़ना पड़ रहा है क्योकि कई किसानो के फसल उग आए है लेकिन पौधे इतने छोटे है कि किसानो द्वारा खेतो मे ज्यादा मात्र मे पानी रोका गया तो फसल खराब हो सकते है। वही दूसरी ओर रोपाई के माध्यम से धान का फसल लगाने वाले किसानो के लिए खेतो मे भरपुर मात्र मे पानी उपलब्ध है जिसके कारण जिले मे रोपाई का कार्य जोरो पर है।

वही जिले की जलाशयो की बात करे तो एक सप्ताह पहले जिले के जलाशय सुखाग्रस्त नजर आ रहे थे तथा जिले के लगभग सभी जलाशयो मे पानी की कमी थी लेकिन पिछले दिन दिनो की बारिश ने जिले के जलाशयो को भी कुछ मात्र मे भरने का काम किया है जिससे आगामी दिनो मे होने वाली बारिश से जिले के जलाशय और अच्छे से भरने की उम्मीद लगाई जा सकती है। जिसके तहत जिले के तांदुला जलाशय मे 18 फीट पानी भर गया है। वही सावन लगने के बाद और अच्छी बारिश से जिले के जलाशय लबालब होने की उम्मीद लगाई जा सकती है।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल में किया गया पौधारोपण



**बालोद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद मे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अरूण कुमार साहू की उपस्थिति मे विद्यालय के इको क्लब के बच्चो द्वारा मां को समर्पित करते हुए विभिन्न प्रजातियो के लगभग 20 पौधो मे अमरूद, हरसिंगार, एडिनियम, गुड़हल, मी, गेंदा का रोपण किया गया। प्राचार्य साहू ने संकल्प लिया कि वर्शा ऋतु के दौरान हर शनिवार पौधे लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम मे विद्यालय के शिक्षक आरएम गोटामे, भागवत साहू, वेद देवांगन का सहयोग रहा। प्रभारी शिक्षक रोमेन्द्र देवांगन ने इको क्लब की इस गतिविधि का संचालन किया।

## पेज 11 के शेष

### बीएसएनएल की सेवा ...

लेने का ढिंढोरा पीट दिया उपभोक्ताओं ने 4जी सेट भी ले लिया लेकिन आश्वासनों की आदत से लाचार विभाग आश्वासन का तगड़ा नेटवर्क अभी भी बना हुआ है। ना जाने झूठे वादों का पहाड़ कब हटेगा। अच्छी सेवा देने का वादा करने वाले लोगों की चुप्पी उपभोक्ताओं के साथ खुला मजाक बन गया है।

**4जी सेवा से हैं परेशानः** जामगांव आर एरिया में 25000 आमजनता बीएसएनएल की नाकाम 4 जी सेवा से परेशान है। विभाग के अधिकारी अपने फोन सेट पर 4 जी आनंद लेने का टोन सेट कर जले में नमक छिड़कने को काम कर रहे है और उपभोक्ता अधिकारी से बात करने के पहले टोन सुनकर हैरान हो जाते कि यहां तो 4जी सेवा राउंड ले रहा है तो आनंद कैसे ले। विभाग के अधिकारियों ने जामगांव आर को प्राथमिकता मिलने का आश्वाशन विगत कई वर्षों से देते आ रहे है। वादा निभाने में नाकाम विभाग की खोखली आश्वासन नीति से उपभोक्ताओं में आक्रोश पनपने लगा है। आखिर विभाग सुचारू सेवा क्यों नहीं दे पा रही है

**उपभोक्ताओं का दिमाग भी राउंड लेने लगा है:** सक्रिय अधिकारी और निक्रिय सेवा दूसरी कंपनी से मिलीभगत की ओर भी आशंका करने लोग अपने आप को रोक नहीं पा रहे है। विदित हो कि समीपस्थ ग्राम भरर और कुम्हली में एक कंपनी ने 4 जी सेवा उपलब्ध कराने में कामयाबी पाकर ग्राहकों को रिझाने लगे है। बीएसएनएल नेट सेवा राउंड राउंड धूमते हुए ग्राहकों के दिमाग को धूमांने लगे है। 25000 आम जनता परेशान सोचने पर विवश है जब विभाग के।अधिकारी सक्रिय है तो निश्चित तौर पर दिल्ली दरबार की कमजोरी के कारण सुचारू रूप से 4 जी सेवा संचालित नहीं कर पाने अधिकारी आश्वाशन का सहारा लेने विवश है। नेट के साथ उपभोक्ता का दिमाग भी राउंड लेने लगे है और धैर्यता की बांध टूटते ही दूसरे कंपनी की सेवा लेना दुखद विवशता होगी। स्मरण करे वो दिन जब कंप लगाकर बीएसएनएल ग्राहक बढाने सिम बेचा करते थे।

### सड़क सुरक्षा नियम ...

पर शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 37 शराबी वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 3,84,700रू., मालवाहक में सवारी भरकर परिवहन करने वाले वाहन 06 वाहन चालको से 44,700रू., दोपहिया वाहन में बिना हेलमेट चलने वाले 616 वाहन चालकों से 3,89,000रू. एवं चार पहिया वाहन में बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले 132 वाहन चालकों पर 68,100रू. की चालानी कार्यवाही किया गया है। यातायात पुलिस बालोद के द्वारा लगातार वाहन चालको से अपील किया जा रहा है की शराब सेवन कर खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए अपने तथा अन्य व्यक्तियों की जान जोखिम में न डाले हमेशा यातायात नियमों का पालन करे आम जनो एवं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए बालोद पुलिस सदैव तत्पर है। यातायात पुलिस बालोद आम नागरिकों से अपील करता है कि मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, यातायात नियमों का पालन करे, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करे, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखे।

### जनपद की सामान्य सभा में ...

आयोजित की जाएगी ।स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर एवं खेलकूद का भी आयोजन किया जाएगा।

### अव्यवस्थित ट्रक पार्किंग ...

जागरूक व्यक्ति द्वारा पुलिस को इसकी जानकारी दी गई जिसके बाद तत्काल पुलिस ने पहुंचकर दोनो ट्रक चालको से ट्रक मुख्य मार्ग पर अव्यवस्थित तरीके से खड़ी करने का कारण पूछा गया जिस पर दोनो ट्रक चालको द्वारा पुलिस को संतोशजनक जवाब नही दिया गया। जिसके बाद पुलिस द्वारा दोनो ट्रक चालको को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

### ठेमा बुजुर्ग में ब्लॉक ...

मंजू संजय बैस श्रीमती झमित बाई धनेलिया, श्रीमती आशा आर्य, श्रीमती रत्ना हिरवानी ,तुलेश्वर हिचामी, कुलदीप साहू श्रीमती बिसन्तीन आर्य , श्रीमती प्रीती उर्वशी,श्रीमती ईश्वरी देशलहरे ,एवं नीरज वर्मा परियोजना अधिकारी,चन्द्राकर अनुविभागीय अधिकारी ग्रामिण यांत्रिकी सेवा दीपेश रात्रे सहायक कार्यपालन अधिकारी के साथ ही जनपद के समस्त सब इंजीनियर एवं जनपद स्टाफ बैठक में मौजूद थे।

# उत्तर वसुंधरा नगर में जल जमाव से लोग परेशान



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा के भिलाई-3 के वार्ड 18, उत्तर वसुंधरा नगर में गैस एजेंसी के पीछे गौरव पथ से लगी हुई कॉलोनी में जल भराव की स्थिति पैदा हो गई है। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है।

कॉलोनी में नाली और सड़क की व्यवस्था न होने से ऐसे हालात हर साल बरसात के मौसम में बन जाते हैं। कॉलोनी के पोंगल गणेश पूजा मैदान के आसपास की स्ट्रीट्स में जल जमाव की समस्या ज्यादा है। आलमयह है कि हर स्ट्रीट में घुटने भर पानी भरा हुआ है। लोग अपने दोपहिया वाहन घरों से नहीं निकाल पा रहे हैं। वहीं सब्जी वाले, दूध वाले नहीं पहुंच पा रहे हैं। नियमि कचरा संग्रहण करने वाली नगर निगम की गाड़ी भी नहीं पहुंच पा रही।

लोगों के घरों में तीन दिन से घरेलू कचरा जमा हो गया है।इस कॉलोनी की किसी भी स्ट्रीट में नालियां और सड़क नहीं बनवाई गई हैं। कॉलोनी के ज्यादातर निवासी सीएसईबी और रेलवे से रिटायर्ड हैं और दस साल से वहां निवासरत हैं। निगम में नियमित संपत्ति कर जमा करते हैं, बावजूद सुविधा रत्ती भर नहीं दी जा रही है। मकान निर्माण सामग्री लेकर आने वाले ट्रकों से कच्ची सड़कें धंस गई हैं। जल जमाव की समस्या से नागरिकों ने वार्ड पार्षद अभिषेक वर्मा को अवगत कराया है। पार्षद ने जेसीबी बुलाकर जल निकासी की व्यवस्था करने का भरोसा दिलाया है। नागरिकों ने निगम प्रशासन से पूरे उत्तर वसुंधरा नगर की व्यवस्था दुरुस्त कर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

# दो ज्वेलरी शॉप से नकली सोना देकर असली लेकर भागा, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- सर्कुलर मार्केट भिलाई की है घटना

दो ज्वेलरी शॉप में नकली सोना देकर असली लेकर जाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि रामनगर सुपेला निवासी पवन कुमार सोनी की सरकुलर मार्केट भिलाई में न्यू अभिषेक ज्वेलर्स के नाम से शॉप है।

7 जुलाई की शाम शॉप में एक व्यक्ति पहुंचा था। उसने सोने का टाप्स बताकर उसके बदले पीड़ित के शॉप से सोने की अंगुठी पसंद कर 2.780 ग्राम लिया। जिसकी कीमत 29 हजार रुपए है। चांदी का सिक्का 5 ग्राम का 2 नग खरीदा जो हजार रुपए का था।

व्यक्ति राजेश पाठक द्वारा दिए गए उक्त सोने को चेक करने पर टाप्स नकली निकला। बिल भी व्यक्ति ने राजेश पाठक के नाम से ही बनाया था। व्यक्ति की उम्र करीब 65 वर्ष का होगा पेंट शर्ट पहना हुआ था। बाल उसके पके हुए थे। व्यक्ति द्वारा इसी तरह रायपुर, दुर्ग में भी ठगी करने की जानकारी मिली है।

व्यक्ति की सारी हरकत सीसी कैमरे में कैद है। वहीं दूसरी घटना पावर हाउस स्थित सहेली अलंकरण में हुआ है। जहां अज्ञात व्यक्ति सोने का टाप्स के बदले सोने की अंगुठी 31 हजार रूपये, 10 ग्राम चांदी का सिक्का 1205 रूपये का लेकर गया। अपना नाम व्यक्ति ने राजेश रामपाल पाठक बताया है। चेक करने पर उक्त सोने का टाप्स नकली निकला है। जिसकी शिकायत गंजपारा दुर्ग निवासी मनोज जैन ने किया है।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

TEAM CREATIVE

भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

## खबर संक्षेप

### सशिमं के अमन का नवोदय में हुआ चयन

**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर के कक्षा 10 वीं के छात्र अमन कुमार साहू पिता चेतन लाल साहू निवास ग्राम बोरिदकला का नवोदय विद्यालय बालोद में कक्षा 11वीं ग्यारहवीं हेतु चयन हुआ। अमन साहू के नवोदय विद्यालय चयन पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के संरक्षक पूर्व विधायक प्रीतम साहू, अध्यक्ष आनंदराम सोनबरसा, उपाध्यक्ष इकलेश पटेल, संयुक्त सचिव शेख लाल माला, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र साहू, सदस्य गण आरती सोनबरसा, मंतराम राजपुरिया, हेमंत कुमार सिन्हा, मिथिलेश ग्वालेंद्र, जागेश्वर निषाद यशवंत माला ने हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय की आचार्य योगेश्वर साहू, अगेश्वर हिरवानी, मिलन खिलेश्वर साहू, नीमा साहू, खिलेश्वरी साहू, आशा नेताम, संतोषी नागवंशी, खूमेश्वरी साहू, कुमुदिनी यादव, टूमेश्वरी साहू, सीमा निषाद, कामिनी साहू, रोशनी साहू, पिंकी सेन, चित्रलेखा पटेल ने हर्ष व्यक्त करते हुए अमन साहू के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह जानकारी संस्था के प्राचार्य वेद प्रकाश कटेंद्र ने दी।



### कृषक उन्नति योजना में आदान राशि मिलेगी

**बालोद।** उप संचालक कृषि ने बताया कि कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत में राहत देने के लिए 'कृषक उन्नति योजना' प्रारंभ की गई है। साथ ही फसल विविधिकरण को प्रोत्साहन देने दलहन, तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्मनिर्भरता के साथ इस योजना के तहत चिन्हित अन्य फसलों पर भी आदान सहायता राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है। जो कृषक एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराये है उन्हीं कृषकों को कृषक उन्नति योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि कृषक उन्नति योजना का लाभ हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से 01 जुलाई से 31 अक्टूबर 2025 तक बोये गए फसलों का पंजीयन, संशोधन कराना आवश्यक है।

### शिव सुमिरन से सजे सावन के दिन, खुलेंगे सौभाग्य के द्वार

**लाटाबोड़।** सावन का महीना देवों के देव महादेव को प्रिय है। इस दौरान भगवान शिव की पूजा-अर्चना की जाती है। एक महीने तक भगवान शिव का रूद्राभिषेक किया जाता है। शिवभक्तों के लिए सावन का समय बेहद शुभ माना जाता है क्योंकि इस दौरान की गई पूजा से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। इसके साथ ही, कुंवारी कन्याएं मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए सावन के सोमवार व्रत रखती है इस वर्ष सावन का महीना गुरुवार से प्रारंभ हो गया और 9 अगस्त को समाप्त होगा यह माह भगवान शिव की उपासना के लिए बहुत ही शुभ माना जाता है। इस बार सावन में कुल 4 सोमवार व्रत पड़ेगा सावन का पहला सोमवार 14 जुलाई दूसरा सोमवार 21 जुलाई तीसरा सोमवार 28 जुलाई चौथा सोमवार 4 अगस्त इस दिन जो भी व्यक्ति माता पार्वती और भगवान भोलेनाथ की आराधना करता है। उसे सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। वहीं भगवान शिव को अपने पति के रूप में पाने के लिए माता पार्वती ने कठोर तपस्या की थी। इसके फलस्वरूप महादेव ने पार्वती को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार करने का वर दिया था। तब से लेकर आज तक महादेव की विशेष कृपा पाने के लिए सावन सोमवार का व्रत रखा जाता है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## आयोजन

### समारोह में गुरु की महिमा का वर्णन किया और समर्पण की सीख दी

# गुरु पूर्णिमा पर गायत्री ज्ञान मंदिर कुथरेल में गायत्री महायज्ञ का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गायत्री ज्ञान मंदिर कुथरेल में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में गायत्री परिवार के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने भाग लिया। यज्ञ का संचालन कुमारी दुलारी देवांगन ने किया।

गुरु हमें आत्मिक मार्ग पर अग्रसर करते हैं यदि हम निष्ठा और समर्पण से उनका अनुसरण करें, तो आत्मबल और अनुग्रह की कमी नहीं होती। भौतिक अभाव हो सकता है, लेकिन आत्मिक शक्ति अवश्य बढ़ती है। हमें संकीर्णता छोड़कर, निडर होकर मिशन में आगे बढ़ना चाहिए अंग्रेजी हो या हिंदी, भाषा मायने नहीं रखती महत्वपूर्ण है हमारी भावनाएं और उद्देश्य की स्पष्टता। गुरु पूर्णिमा आत्म-चिंतन का पर्व है यह हमारे भीतर कमियों को पहचान कर उन्हें दूर करने तथा भविष्य के लिए संकल्प करने का समय है जो श्रद्धा से पूर्ण श्रद्धेय गुरु की शक्ति को ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें आत्मपरीक्षा और प्रतिबद्धता से अपने जीवन में बदलाव लाना चाहिए।





### गुरु पूर्णिमा पर सामूहिक जप व गायत्री यज्ञ किया

**अंडा।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम परसदा डंगनिया में गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व पर सबके सद्बुद्धि सबके उज्जवल भविष्य के लिए सामूहिक जप और एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ किया गया। साथ ही आज हमारे गांव की सिद्धि महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव और वेदिका साहू का जन्मदिन मनाया गया। मुख्यमंत्री से सम्मानित हमारी ड्रोन दीदी भुनेश्वरी साहू के द्वारा गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व पर पीपल का पेड़ लगाया गया। जिसमें गजाधर प्रसाद साहू, मानसिंह साहू, बंशीलाल साहू, नशा उन्मूलन प्रभारी विमल साहू देवरी, प्रीतम टंडन , नागेश्वर यादव एवं गांव के गायत्री परिवार के सभी सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर भुनेश्वरी साहू ने कहा कि पौधा लगाना तो बहुत आसान है लेकिन पौधा का देखभाल करना बहुत जरूरी है। क्यों कि हमें पौधा से हवा मिलता है,और हमें जीने के लिए पौधा लगाना बहुत जरूरी होता है। पौधा को बढ़ा करने का संकल्प लिया।





### बजरंग व्यायामशाला की शिष्याओं ने गुरु को किया नमन



**बालोद।** बजरंग व्यायाम शाला में कुश्ती, लाठी, तलवार, रस्साकसी खेलकर नेशनल स्तर पर पहुंची प्रेरणा नाग वर्तमान मे जल सेना में पदस्थ है जो हर गुरु पूर्णिमा में अपने गुरू के घर पहुंचती है। उनकी दो बहने बीपी एड कर चुकी है और खेल शिक्षक के लिए प्रयासरत है, आज तीनों शिष्य गुरु के घर आकर अपने गुरु आरपी यादव तथा गुरु माता का पूजा आरती कर आशीर्वाद लेते हैं।

### निकुम कॉलेज में पौधारोपण कर मनाई गई गुरु पूर्णिमा

**बालोद/निकुम।** गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर शासकीय स्व. पुकेश्वर सिंह भारदिय कॉलेज निकुम में जन भागीदारी समिति अध्यक्ष सुरेश कुमार साहू ने कॉलेज परिसर निकुम में पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि जिस प्रकार गुरु अपने ज्ञान से जीवन की दिशा बदल देते हैं वैसे ही वृक्ष और फल प्रकृति को संवारते हैं, हर व्यक्ति को जीवन में एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए, वहीं पर्यावरण के प्रति आस्था का परिचय देते हुए एक पेड़ मां के नाम व एक पेड़ गुरु के नाम संकल्प लेते हुए निकट भविष्य में सभी शासकीय परिसरों में पौधारोपण कर ट्री गार्ड जरूर लगाए, पौधारोपण केवल उद्देश्य नहीं है बल्कि सभी मिलकर प्रकृति के प्रेम जागरूकता और उत्तरदायित्व का भाव भी जागृत करते हुए पेड़ लगाए, स्व पुकेश्वर सिंह भारदिय कॉलेज निकुम में पौधारोपण गुरु पूर्णिमा पर्व पर किया गया। इसमें प्राचार्य डॉ .डीके बैलेंद्र, क्लर्क अमित सिंह, डॉ ओंकार प्रसाद चंद्रा, वेद प्रकाश ठाकुर, पूजा अग्रवाल, अन्नपुर्णा यादव, डॉ शिप्पी देवांगन, डॉ सीमा जायसवाल, करुणा गजभिए, अवेंद्र साहू कंप्यूटर ऑपरेटर सहित स्टॉप थे।

### गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रमों में योग आयोग के अध्यक्ष हुए शामिल



**गुण्डरदेही।** योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा गुण्डरदेही में दर्शन इलेट्रिकल का उद्घाटन पश्चात गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम में विमल वैदिक सेवा आश्रम पैरी, कबीर घाट मोहल्लाई एवं मानव कल्याण आश्रम बघमरा में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर गुरु पूजा के उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

उन्होने कहा समर्थ गुरु रामदास ने हिंदू पद पादशाही का निर्माण करने वाले वीर छत्रपति शिवाजी तथा रामकृष्ण परमहंस ने बालक नरेंद्र से स्वामी विवेकानंद का निर्माण किया। सच्चे गुरु मानव कल्याण एवं देश हित जैसे परमार्थ के लिए जीवन समर्पित करते हैं। योग हमें राष्ट्र धर्म से जोड़ता है। कवि केशव राम साहू ने वृक्ष को गुरु, माता–पिता, ईश्वर की संज्ञा देते हुए कविता पाठ कर पौधारोपण की प्रेरणा दिया।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने गुरु पर्व में उपस्थित श्रद्धालु धर्म प्रेमी सज्जनों के सुविधा एवं आश्रम के विकास के लिए शासन प्रशासन तक मांग पहुंचने की बात कही तथा सनातन धर्मावलंबियों को इस महान पर्व की बधाई दी।

इस अवसर में पूर्व विधायक राजेंद्र राय, पूर्व जनपद अध्यक्ष भानुमति साहू, विमल वैदिक सेवा आश्रम पैरीअध्यक्ष सालिक राम वर्मा, कबीर घाट मोहलाई के अध्यक्ष युवराम साहू, मानव कल्याण आश्रम के संस्थापक गुरु प्रसाद मानववादी, रीना साहू, सावत राम साहू, केसु राम, महादेव रजक, विष्णु साहू, बेणीराम, हीराराम साहू उपस्थित थे।

### गायत्री शक्तिपीठ बालोद में गुरु पूर्णिमा पर भव्य यज्ञ और पूजन कार्यक्रम हुआ






**बालोद।** गुरू पुर्णिमा के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ बालोद मे सुबह से ही विभिन्न कार्यक्रमो के आयोजन के साथ पूजा पाठ व यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमे 5 कुंडी गायत्री महा यज्ञ में गायत्री परिवार के अतिरिक्त अन्य वर्ग भी यज्ञ किया अन्न प्रशन, विद्या आरंभ और जन्म दिवस संस्कार किया गया। कार्यक्रम के अंत में भोजन परसादी खिलाया गया।

गायत्री शक्तिपीठ बालोद में गुरुवार को मुख्य अतिथि श्यामकली तिवारी ने कहा कि गुरु शिष्य की परंपरा अनादिकाल से चला आ रहा है हर युग में गुरु पूज्यनीय रहा है कारण ये ब्रह्मा विष्णु और महेश के तुल्य माना गया है, सच्चा गुरु वहीं होता है जो अपने ज्ञान शिक्षा के बल पर ऊंचाई औरभगवत प्रेम की ओर ले जाता है यह पर्व अनुशासन पर्व कहलाता है,हर मनुष्य के जीवन में गुरु का होना जरूरी होता है। हेमवती सिहरे ने गुरु पूर्णिमा पर्व पर कहा कि गुरु और शिष्य की परंपरा हमें एक नए जीवन की ओर ले जाता है इसमें संकल्प का होना बहुत जरूरी होता उन्हें ने भगवान बुद्ध के संबंध में बताया में बताया कि शिष्य में श्रद्धा और भक्ति और विश्वास हो तो तभी गुरु को प्राप्त कर सकते है। सेवा निवृत शिक्षक बीएल वैष्णव ने गुरु शिष्य परम्परा और गुरुदेव के बारे में विस्तार से बताया डी आर सोनबोईर, रिटायर प्रधान पाठक ने भी गुरुदेव के संबंध और गायत्री परिवार युग निर्माण के संबंध में बताया डीके कली हरी ने दिसंबर में होने वाले 108 कुंडी यज्ञ में समय दान और अंशदान गायत्री परिवार को करना आवश्यक है उन्हें सफल कार्य करने के लिए घर घर संपर्क करना है। कार्यक्रम के अंत में ब्लाक समन्वयक ने आभार व्यक्त किया मंच संचालन आर पी यादव ने किया।


### निकुम मंडल में गुरु पूर्णिमा पर्व पर गुरुजनों का सम्मान किया गया





**अंडा।** भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान व प्रदेश संगठन के निर्देश पर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष के मार्गदर्शन में भाजपा अंडा निकुम मंडल में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में गुरुजनों का सम्मान अंडा निकुम मंडल के ग्राम अंडा में किया जिसमें प्रमुख रूप से रामकृष्ण योगी एवं डॉक्टर सुदामा चंद्राकर का सम्मान किया एवं एक पेड़ मां के नाम पेड़ लगाने का संदेश दिया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अंडा निकुंम मंडल पदाधिकारीगण मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख डिलेश गब्बर साहू महामंत्री, कार्यक्रम संयोजक अजीत चंद्राकर, उपाध्यक्ष एवं जनपद बेला यादव, मनोज चंद्राकर(गोलू )सांसद प्रतिनिधि, मण्डल उपाध्यक्ष अजय चौहान, उपाध्यक्ष पवन देवांगन मुकेश चंद्राकर कार्यालय मंत्री अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति अंडा अध्यक्ष पुकेश चंद्राकर, अंडा पूर्व जनपद एवं सरपंच राकेश चंद्राकर, हेमलता देशमुख पूर्व जनपद सरपंच मण्डल सह कोषाध्यक्ष विजयलक्ष्मी कन्नौजे, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता दीपा गन्धर्व, बूथ अध्यक्ष तिलक चंद्राकर, लुकेश देवांगन, जीतू सिन्हा सहित भाजपा कार्यकर्ताओ की उपस्थित में सम्पन्न हुआ।

### गुरु पूर्णिमा पर भजन-कीर्तन व सत्संग का लोगों ने आनंद लिया





**दल्लीराजहरा।** गुरु-शिष्य परंपरा के पावन प्रतीक गुरु पूर्णिमा का पर्व बुधवार को धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। दल्लीराजहरा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के मंदिरों और धार्मिक स्थलों में विशेष पूजन, भजन-कीर्तन और सत्संग कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने गुरुओं की वंदना कर उनका आशीर्वाद लिया।

दल्लीराजहरा में सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। विशेषकर हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, दुर्गा मंदिर सहित कई स्थलों पर गुरु पूजन और धार्मिक प्रवचन हुए। कार्यक्रमों के पश्चात भोजन प्रसाद का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने लंगर रूपी प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर समितियों और स्थानीय समाजसेवी संगठनों ने दिनभर सामूहिक भजन-कीर्तन और सेवा कार्यक्रम आयोजित किए। बच्चों और युवाओं ने भी इस पर्व पर अपने अध्यापकों और गुरुओं को सम्मान अर्पित किया। दल्लीराजहरा नगर के शैक्षणिक संस्थानों में भी इस अवसर पर विशेष आयोजन हुए। विद्यालयों में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु महिमा का गुणगान किया।

छात्रों ने शिक्षकों को तिलक लगाकर पुष्प अर्पित किए और उनके आशीर्वाद लिए। गुरुजनों के सम्मान में भाषण प्रतियोगिता, भजन और काव्य पाठ जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर नगर में आध्यात्मिक माहौल बना रहा। मंदिरों में दीप, फूलों और रंगोलियों से सजावट की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्ति से सराबोर हो गया।

### भोथली स्कूल में गुरुपूर्णिमा मनाया गया



**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला भोथली में गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व पर माता सरस्वती का पूजा अर्चना कर, गुरुजनों का सम्मान किया गया ,सुरेश कुमार साहू ने कहा गुरु का सम्मान करें,गुरु के द्वारा ही हमें ज्ञान की प्राप्ति होती है , गुरुज्ञान से ही हम समाज में एक अच्छे नेता,संत,कृषक,व्यापारी, वक्ता व एक अच्छे इंसान बन सकते है,गुरु के बिना सतज्ञान अधूरा है, हमारे प्राथमिक शाला में शिक्षा का स्तर बहुत अच्छा है ,निरंतर ग्रामवासी सहयोग करते रहते है ,प्रधानपाठक ने कहा हमारे शाला को कई वर्षों से पूर्व सरपंच सुरेश साहू का सहयोग मिल रहा है ,इस अवसर पर सुरेश कुमार साहू अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय निकुम, भानुप्रताप वर्मा प्रधानपाठक , प्रमोद कुमार बलवर शिक्षक, चंदन साहू शिक्षक , अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, महेंद्र यादव , लक्ष्मण देशलहरे, मीरा साहू, कांति बाई यादव उपस्थित थे।

# गुरूर में पौधारोपण की बड़ी तैयारी, विकासखंड की 77 पंचायतें होंगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

पौधारोक्षण एक पेड़ मां के नाम के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद चंद्रकांत कौशिक की अध्यक्षता में 18 जुलाई को विकासखंड गुरूर में जनभागीदारी से होने वाले पौधारोक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंध में विकासखंड के समस्त 77 ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव की बैठक में वृह–पौधारोक्षण की तैयारी के बारे जानकारी लिया गया।

सभी सरपंच, सचिवो को निर्देशित किया गया कि पौधारोपण हेतु स्थल चयन का विशेष ध्यान रखा जाये। शासकीय कार्यालय जहां आहाता है। आहाता से 05 फीट दूरी पर पौधारोपित करे, रोपित पौधा का सुरक्षा का ध्यान रखा जाये। ग्रामीण निस्तारी तालाब जहॉ पर पौधा का देखरेख आसानी किया सके, ग्रामीण सहभागिता को बढाने की बात कही गई। लोग अपने बच्चे, माता–पिता, पूर्वज की याद में एक–एक पेड़ लगाकर संरक्षित करे। कोई व्यक्ति अकेला यह कार्य नही कर सकता जब तक जन सहयोग न हो इस कार्य के लिए जन सहयोग और जन जाकरूकता बहुत ही जरूरी है। सरपंचो द्वारा जल जीवन मिशन, हाई मास्ट लाईट और जेवरतला डांडेसरा के बीच पुलिया निर्माण के संबंध में शिकायत किया है। साथ ही कलेक्टर जिला बालोद द्वारा जन जागरूकता के लिए पौधा रोपित करने हेतु जन सामान्य को प्रेरित करते हुए विडियो क्लिप के माध्यम से संदेश जारी किया है जिसे को प्रोजेक्टर सभी दिखाया गया। सोशन मीडिया के माध्यम से पेड–पौधा पर्यावरण संरक्षण के बारे व्यापक जागरूकता फैलाने के निर्देश दिये है। जिला सीईओ द्वारा बताया गया कि 18 जुलाई को पूरे बालोद जिला में एक ही दिन, एक समय पर डेढ़ लाख पौधा जनभागीदारी के माध्यम से रोपित किया जाना है।




जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ आम जनता को प्रकृति से जोड़ना है। विकासखंड गुरूर का नोडल रामकुमार सोनकर अनुविभागीय अधिकारी को बनाया है। उक्त बैठक में जिला पंचायत बालोद सीईओ के साथ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गुरूर आरके सोनकर, जनपद सीईओ उमेश रात्रे, अति.मु.का.पा.अधि. एनके. बागडे, अति.मु.का.पा.अधि आरएल. सिरमौर, मनरेगा अधिकारी योगेश कुमार देंवागन, 77 ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं अन्य के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
13 अगस्त, 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाबेट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृणेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411